Press Release

TATA POWER-DDL

**मंगलवार, 27 फरवरी, 2024** **तत्काल प्रकाशनार्थ**

**नई दिल्ली**

# केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण करेगा देश में पावर सैक्टर के फ्रंटलाइन कर्मचारियों को सम्मानित चौथा लाइनमैन दिवस 4 मार्च, 2024 को होगा आयोजित

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय आगामी 4 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में चौथे लाइनमैन दिवस का आयोजन कर रहा है। लाइनमैन दिवस का आयोजन देशभर में विद्युत वितरण की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटीनेंस स्टाफ के अथक प्रयासों और सेवा तथा समर्पण को सम्मानित करने के लिए किया जाता है। इस आयोजन के चौथे संस्करण का थीम, जिसका आयोजन टाटा पावर-डीडीएल के साथ मिलकर किया जा रहा है, 'सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान' रखा गया है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण का मकसद देशभर में 'लाइनमैन दिवस' के आयोजन को प्रोत्साहित करना है ताकि सभी राज्य स्तरीय और प्राइवेट ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों में इसकी परंपरा को मजबूती से स्थापित किया जा सके।

आगामी 4 मार्च को लाइनमैन दिवस के चौथे एडिशन में भाग लेने के लिए गुजरात, ओडिशा, असम, बिहार, चंडीगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों की 100 से अधिक ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन पावर सैक्टर के फ्रंटलाइन कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करेगा। साथ ही, उन्हें राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में अपने अनुभवों, काम के दौरान पेश आने वाली चुनौतियों तथा अपने विचारों को अधिकारियों के सामने खुलकर रखने का भी मौका मिलेगा। लाइनमेन दिवस एक ऐसा प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराएगा जिस पर कलेक्टिव लर्निंग के लिए विभिन्न प्रतिभागियों को आपस में विचारों के आदान-प्रदान तथा सुरक्षा संबंधी श्रेष्ठ कार्य प्रथाओं को भी शेयर करने का अवसर मिलेगा।

लाइनमैन स्टाफ के योगदान के बारे में, **चेयरमैन, केंद्रीय विद्युत प्राधिकररण तथा एक्स-ऑफिशियो सेक्रेटरी, भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय श्री घनश्याम प्रसाद** ने कहा कि लाइनमैन दिवस का आयोजन देश के लिए उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके योगदान को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, *"लाइनमैन स्टाफ पावर सप्लाई की तुरंत बहाली, पावर लाइनों की रिपेयर और मेंटीनेंस तथा नए कनेक्शनों को लगाने के लिए इमरजेंसी कॉल्स पर तत्काल कार्रवाई करते आए हैं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए टाटा पावर-डीडीएल के साथ मिलकर उन्हें सम्मानित करने पर गर्व है। हम इन फ्रंटलाइन कर्मियों के समर्पण और उनके योगदान का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए हैं, जो कि हमारे देश के पावर इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। लाइनमैन दिवस का आयोजन उज्ज्वल भविष्य की दिशा में भारत के सफर को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका को उभारता है।*

*इस अनूठी पहल के बारे में,* ***टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ श्री गणेश श्रीनिवासन*** *का कहना है, "हमारा मानना है कि लाइनमैन स्टाफ के समर्पित प्रयासों को स्वीकार कर उनकी सराहना की जानी चाहिए, और केवल पावर सेक्टर की ओर से ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं के स्तर पर भी उनके योगदान को सराहा जाना चाहिए। पिछले वर्षों में, लाइनमैन दिवस का राष्ट्रीय स्तर पर महत्व बढ़ा है और अधिकाधिक ट्रांसमिशन कंपनियां तथा डिस्कॉम लाइनमैन स्टाफ के रूप में इस खास दिवस को मनाने के लिए आगे आयी हैं। हमारे समुदायों को सेवाएं प्रदान करने वाले इन फ्रंटलाइन कर्मचारियों की सुरक्षा और खुशहाली सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।"*

देश में लाइनमैन दिवस का आयोजन 2021 से किया जा रहा है, और 2022 तथा 2023 में इसके अगले एडिशंस भी जुड़ गए। अब चौथे एडिशन के आयोजन से इस परंपरा को और मजबूती मिलेगी तथा पावर डिस्ट्रिब्यूशन के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान को भी सम्मानित किया जाएगा।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वैंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक

बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 6.34% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

**Corporate Communications:**

Sonia Sarin (9910292599)

**Slough PR:**

Abhishek Anand (9711061540)